

# जिले में उत्सव के साथ मनाया जाएगा सेवा से संकल्प अभियान

## जन प्रतिनिधि, आमजन और सबकी होगी सहभागिता, होंगे विविध आयोजन, कलेक्टर ने आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनें के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 15 सितम्बर, जिले भर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मन दिवस 17 सितंबर से एक माह तक चलने वाला सेवा संकल्प अभियान उत्साएहपूर्वक और उत्स्वी माहौल में मनाया जायेगा. अभियान के तहत आयोजित होने वाला प्रत्येकक कार्यक्रम व्याएपक रूप से प्रभावी और गरिमापूर्ण होगा.**



कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनें के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए. उन्होने कहा कि अभियान की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा समाज के सभी वर्गो की सहभागिता सुनिश्चित कराएं. बैठक में बताया गया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर को जिलेभर में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को जिला के देवतालाब मंदिर और शिव मंदिर हाटा में 51 हजार दीपक प्रज्ज्वलित किए जाएगे. इसके साथ की कलेक्ट्रेट परिसर में 11000 दीपक तथा 870 शासकीय विद्यालय में 500 दीपक प्रज्ज्वलित किए जाएगे, जिले के सभी शासकीय महाविद्यालयों में 1000 दीपक जलाए जाएंगे साथ ही 1037 आंगनबाड़ी केंद्र में 151 दीपक , पुलिस कंट्रोल रूम 5100 दीपक प्रज्ज्वलित किए जाएगे. नगरीय निकाय के सभी वार्डा में 500 आर्शीवाद के दीपक जलाये जाएगे साथ ही जिले की 256 ग्राम पंचायतों में भी 500-500 दीपक प्रज्ज्वलित होगे. उन्होंने बताया 'सेवा चित्र' कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में राष्ट्रव्यापी ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी. कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि इन गतिविधियों का आयोजन केवल शासकीय शिक्षण संस्थानों तक सीमित न रहे, बल्कि निजी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों को भी इसमें शामिल किया जाए. कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग को 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम के तहत जिले की आंगनवाड़ियों में विशेष आयोजन करने के निर्देश दिए गए. बैठक मे पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन, अपर कलेक्टर पीके पांडेय, एसडीएम हनुमना राजेश मेहता, एसडीएम मऊगंज रश्मि चतुर्वेदी सहित संबंधित विभागों को अधिकारी उपस्थित रहे.



# हरतालिका तीज पर पत्नियों ने रखा निर्जला व्रत

## पति की दीर्घायु की कामना की

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 15 सितम्बर, हरतालिका तीज त्योहार के पावन पर्व पर क्षेत्र की महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से व्रत रखकर भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा-अर्चना की.**

इस अवसर पर मंदिरों एवं घरों में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया. जहां महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा कर परिवार के सुखमय जीवन की मंगलकामना की. इसी क्रम में नीलम चतुर्वेदी, अकांक्षा अवस्थी, सीमा उपाध्याय, नीशा उपाध्याय ने भी अपने पति की दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए पूरे श्रद्धा भाव से हरतालिका तीज व्रत रखा तथा भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन-अर्चन किया. उन्होंने परिवार की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की. हरतालिका तीज हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन माता पार्वती ने कठोर तपस्या कर भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया था.

इसी कारण विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए यह व्रत रखती हैं, जबकि अविवाहित कन्याएं भी मनचाहे वर की प्राप्ति की कामना करती हैं. पूरे भारतवर्ष में हरतालिका तीज का पर्व बड़े उत्साह, श्रद्धा और धार्मिक आस्था के साथ मनाया जाता है.

# पक्की सड़क न होने से कीचड़ भरे मार्ग से निकलने को विवश ग्रामीण

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 15 सितम्बर, जिले के गुढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पूरास में विकास की तस्वीर को आईना दिखाती एक जमीनी हकीकत सामने आई है. यहां ग्रामीण दशकों से कच्चे और कीचड़ भरे रास्ते से आवागमन करने को मजबूर हैं.**

कई पंचायत प्रतिनिधियों के कार्यकाल गुजर गए, लेकिन बस्ती को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क आज भी पक्की नहीं हो सकी. इस बदहाल रास्ते से आदिवासी, कोरी और तिवारी परिवारों के लोग रोजाना आवागमन करते हैं. यही रास्ता किसानों के लिए खेतों एवं सार्वजनिक अस्स्मशान तक पहुंचने का प्रमुख साधन भी है. लेकिन बारिश आते ही यह रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है. पैदल चलना मुश्किल हो जाता है और ग्रामीणों को रोजमर्रा के कामों के लिए भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. ग्रामीणों के मुताबिक सड़क के प्रस्तावित मार्ग में कुछ जमीन शासकीय रिकॉर्ड में दर्ज है, जबकि कुछ हिस्सा निजी भू-स्वामियों के नाम है. हालांकि संबंधित किसानों ने ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए अपनी जमीन दानपत्र के माध्यम से सड़क निर्माण के लिए देने की सहमति भी जताई है. वहीं ग्राम पंचायत के सरपंच का कहना है कि सड़क निर्माण को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. संबंधित शासकीय कार्यालयों में आवेदन भी दिए गए हैं एवं सड़क के मध्य में आने वाले भूस्वामियों से शासकीय रास्ता दर्ज करवाने हेतु निवेदन किया जा रहा है एवं संभ्रांत भूस्वामियों की ओर से सार्थक आश्वासन मिल रहा है, पंचायत की मंशा है कि ग्रामीणों को जल्द से जल्द बेहतर आवागमन की सुविधा मिले, लेकिन रास्ते में आने वाली भूमि के राजस्व रिकॉर्ड और प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण निर्माण कार्य में अड़चन बनी हुई है. ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर भूमि संबंधी अड़चन को दूर कराया जाए और संबंधित भू-स्वामियों की सहमति के आधार पर आवश्यक राजस्व प्रक्रिया पूरी करते हुए रास्ते को शासकीय आम रास्ते के रूप में दर्ज किया जाए, ताकि सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो सके. मामले को लेकर दूरभाष के माध्यम से गुढ़ तहसीलदार अरुण यादव से चर्चा की गई. उन्होंने बताया कि सड़क की समस्या को लेकर आने वाले समय में पुरास पंचायत में चौपाल का आयोजन ग्रामीणों द्वारा किए जाने की जानकारी मिली है.

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक में दिए गए सुझाव

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 सितम्बर, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बैठक का आयोजन भाजपा कार्यालय अटल कुंज, रीवा में किया गया.**

बैठक में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता जी एवं विंध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पंचूलाल प्रजापति उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामजी प्रजापति ने की. कार्यक्रम का सफल संचालन मोर्चा के महामंत्री शिवदास कोरी द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन महामंत्री अरविंद झंझोट ने किया.

बैठक में जिले के उपाध्यक्ष नंदलाल कोरी, श्रीमती मनीषा साकेत, राम अवतार दाहिया, कार्यसमिति सदस्य, सभी मंडल अध्यक्ष एवं जिले के समस्त पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे. बैठक में अनुसूचित जाति मोर्चा को संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत करने तथा आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर आवश्यक चर्चा की गई. संगठन को मजबूत बनाने के लिये कई अहम सुझाव दिये गये.



भाजपा कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक में पदाधिकारीगण

## घटियां पेवर ब्लॉक से निर्माण कार्य की खुली पोल



**सिरमौर .** जिला रीवा के जनपद सिरमौर अंतर्गत ग्राम पंचायत महरी, अंतर्गत ग्राम डीही की शासकीय स्कूल में ग्राम पंचायत महरी, प्रशांत द्विवेदी सरपंच, आदर्श पांडे सचिव के द्वारा साढ़े आठ लाख के लगभग की लागत से पेवर ब्लॉक लगाने का निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें ग्राम के ही रामकृष्ण गौतम ने शासन एवं प्रशासन से घटियां निर्माण कार्य सरपंच एवं सचिव के मिलीभगत से कराया जा रहा हैं जिसकी जाँच करने के लिए जिलाधीश का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मौकेपर जाकर देखा गया तो पूरी तरह से घटियानिर्माण करतेपाया गया देखना दिलचस्प होगा कि इस पर क्या कार्यवाही होगी ग्राम पंचायत महरी की जनता ने कलेक्टर सेजांच कराई जाने की मांग किए हैं जांच में सही पाए। जाने पर संबंधित अधिकारी। पर कार्यवाही किये जाने की आस लगाये है

# जनसुनवाई में 66 आवेदनों पर हुई सुनवाई

## कलेक्टर ने सीईओ जनपद मऊगंज को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 15 सितम्बर, जनसुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं. जनसुनवाई में कुल 66 आवेदन प्राप्त हुए.**

कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का परीक्षण कर नियमानुसार समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें. साथ ही, आवेदकों को की गई कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश भी दिए. जनसुनवाई में नागरिकों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए. ग्राम रतनगवां खास में आदिवासी बस्ती के निवासियों द्वारा बताया गया कि डीबीएल कंपनी द्वारा पाइप डालने के बाद नाली को समतल कर दिया गया, लेकिन नाली सुधार का कार्य नहीं कराया गया जिसके कारण जलभराव की स्थिति निर्मित होती है और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, इसी प्रकार निवासी ग्राम बन्ना श्रीमती तेरसी कोल, पति स्वर्गीय इन्द्रलाल कोल, ने संबल योजना के अंतर्गत सहायता राशि दिलाए जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया. कलेक्टर ने सीईओ जनपद मऊगंज को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए.

जनसुनवाई में ग्राम कैलाशपुर निवासी नाथू प्रसाद यादव पिता रामसुंदर यादव ने आवेदन देकर बताया कि भारी बारिश के कारण उनका मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर गिर जाने का आवेदन प्रस्तुत किया.

# गुढ़ नगर परिषद के पास नहीं है पशु वाहन

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 15 सितम्बर, जिले की गुढ़ नगर परिषद में मूलभूत सुविधाओं के अभाव का एक और गंभीर मामला सामने आया है.**

नगर परिषद क्षेत्र में यदि कहीं मवेशी की सड़क दुर्घटना में घायल होने या मृत अवस्था में पाए जाने की घटना होती है, तो उसे हटाने या उपचार के लिए ले जाने हेतु नगर परिषद के पास अपना एक भी पशु वाहन उपलब्ध नहीं है. जबकि गुढ़ नगर परिषद का क्षेत्रफल काफी बड़ा है और यहां आवारा मवेशियों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है, ऐसे में पशु वाहन का होना अत्यंत आवश्यक है. नगर परिषद के पास बजट की कोई कमी नहीं है, इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी हाथ पर हाथ रखकर बैठे हुए हैं. प्रदेश की कई छोटी नगर परिषदों में पशु पकड़ने और मृत पशुओं के निपटान के लिए विशेष वाहन उपलब्ध कराए गए हैं, लेकिन गुढ़ में यह सुविधा आज तक शुरू नहीं हो सकी है. यह नगर परिषद के जिम्मेदारों की बड़ी लापरवाही को दर्शाता है. स्थानीय लोगों ने बताया कि नेशनल हाईवे और नगर के भीतरी मार्गों पर आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में मवेशी घायल होते रहते हैं, कई बार उनकी मौके पर ही मृत्यु भी हो जाती है. पशु वाहन न होने के कारण मृत मवेशी घंटों तक सड़क किनारे पड़े रहते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैलती है और संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है. कई बार स्थानीय लोगों को ही अपने खर्च पर मृत मवेशियों को हटवाना पड़ता है. नगर वासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले को संज्ञान में लेकर गुढ़ नगर परिषद में शीघ्र पशु वाहन उपलब्ध कराया जाए ताकि इस गंभीर समस्या से निजात मिल सके. इस समय सड़को में मृत मवेशी पड़े रहते है, उन्हे उठाने में भारी दिक्कत होती है.



# सादगी से मनाई जाएगी श्रीयुत की 101 वीं जयंती

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 15 सितम्बर, 17 सितम्बर को अमहिया स्थित निज निवास पर श्रद्धांजलि सभा एवं संगोष्ठी का आयोजन मध्य प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व.श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी की 101वीं जयंती इस वर्ष अत्यंत सादगीपूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय आयोजन समिति द्वारा लिया गया है.**

स्व. श्रीनिवास तिवारी की 101वीं जयंती के अवसर पर 17 सितम्बर 2026 दिन गुरुवार को पहले उनकी प्रतिमा मे माल्यार्पण करके दोपहर 12 बजे से अमहिया स्थित उनके निज निवास पर श्रद्धांजलि सभा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा. इस अवसर पर उपस्थित जन स्व. श्रीनिवास तिवारी जी के व्यक्तित्व, कृतित्व, सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे. उनको मानने वाले व समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों, कांग्रेसजनों एवं स्व. श्रीनिवास तिवारी के शुभचिंतकों से 17 सितम्बर को दोपहर 12 बजे अमहिया स्थित निज निवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं संगोष्ठी में शामिल हो.

# जेएनसीटी में धूमधाम से मनाया गया इंजीनियर्स-डे

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 सितम्बर, जेएनसीटी इंजीनियरिंग कॉलेज में मंगलवार को इंजीनियर्स डे के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में इंजीनियरिंग, तकनीकी शिक्षा, प्रशासन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई.**



समारोह में डॉ. एन. पी. मिश्रा, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता, इंजीनियर एस. बी. परिहार, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, डॉ. आर. पी. तिवारी, प्राचार्य, रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज, डॉ. डी. के. जैन, डीन, आरईसी रीवा, डॉ. संदीप पाण्डेय, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर, आरईसी रीवा एवं डॉ. दयाशंकर पांडे, चेयरमैन, गजरूपा इंफ्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. कार्यक्रम में जेएनसीटी के चेयरमैन डॉ. एस. एस. तिवारी ने अपने संबोधन में सभी अभियंताओं एवं अतिथियों को इंजीनियर्स डे की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इंजीनियर केवल तकनीक का जानकार नहीं होता, बल्कि वह समाज की समस्याओं का समाधान खोजने और राष्ट्र के विकास को गति देने वाला महत्वपूर्ण स्तंभ होता है. उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि तकनीकी ज्ञान के साथ नवाचार, अनुशासन, ईमानदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं. आज तेजी से बदलती तकनीक के दौर में विद्यार्थियों को केवल डिग्री हासिल करने तक सीमित न रहकर नई तकनीकों को सीखने, शोध करने और देश के विकास में योगदान देने का लक्ष्य रखना चाहिए. डॉ. एन. पी. मिश्रा, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता, को उनके दीर्घ तकनीकी एवं प्रशासनिक अनुभव तथा अभियंत्रण क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया. इंजीनियर एस. बी. परिहार, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, को जल संसाधन एवं अभियंत्रण क्षेत्र में उनकी सेवाओं एवं अनुभव के लिए सम्मान प्रदान किया गया. डॉ. आर. पी. तिवारी, प्राचार्य, रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज, को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उनके नेतृत्व एवं योगदान के लिए सम्मानित किया गया. डॉ. डी. के. जैन, डीन, आरईसी रीवा, को अकादमिक क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान एवं मार्गदर्शन के लिए सम्मान प्रदान किया गया. इस अवसर पर डा. संदीप पाण्डेय, डा. दयाशंकर पाण्डेय, वनस्थली स्कूल के डायरेक्टर डॉ मनोज तिवारी, वनस्थली स्कूल की प्राचार्या दीप्ति अग्रवाल,डीन डॉ अनुभव पाण्डेय, डा. मिहिर पाण्डेय मौजूद रहे.

## छह विशिष्ट व्यक्तित्वों को 'अभियंता सम्मान'

समारोह का विशेष आकर्षण अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले छह विशिष्ट व्यक्तित्वों का सम्मान रहा . संस्था की ओर से सभी अतिथियों को 'अभियंता सम्मान' प्रदान कर उनके योगदान के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई .

# भारत की सभी भाषाओं के सम्मान से बढ़ेगा हिंदी का गौरव : घनश्याम

## डिजिटल क्रांति हिंदी की सहचरी बनकर उसकी सहयोगी की तरह कार्य करेगी : प्रो . पाठक

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 सितम्बर, भारत के विभिन्न राज्यों मे बोली जाने वाली सभी भाषाओं और बोलियों की स्वायत्तता का सम्मान करने से ही हिंदी का गौरव बढ़ेगा और वह मजबूत होगी.**

उक्त विचार वरिष्ठ अधिवक्ता एवं लेखक घनश्याम सिंह ने हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितम्बर 2026 सोमवार की शाम कवि सुधीर कमल के अरुण नगर स्थित आवास मे जन चेतना की त्रैमासिक पत्रिका 'उपनयन' के संयोजकत्व मे 'डिजिटल क्रांति और हिंदी' विषय पर आयोजित संगोष्ठी मे व्यक्त किये. उन्होंने आगे कहा कि हिंदी के प्रचार-प्रसार मे डिजिटल माध्यम सहायक सिद्ध हो रहे हैं. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. एन.पी. पाठक ने कहा कि डिजिटल क्रांति हिंदी की सहचरी बनकर उसकी सहयोगी की तरह कार्य करेगी. हिंदी जहां स्वामिनी है वहीं डिजिटल माध्यम उसकी सेविका है. एआई से कुछ भी लिखा तो जा सकता है, किन्तु उसमे मौलिकता और कल्पना शक्ति नही प्राप्त की जा सकेगी. इस कार्यक्रम का संचालन कथाकार ओमप्रकाश मिश्र तथा विषय प्रवेश कवि सुधीर कमल ने किया. संगोष्ठी को विशेष रूप से सम्बोधित करते हुए डॉ चन्द्रिका प्रसाद 'चंद्र' ने कहा कि डिजिटल माध्यम से मेरा परिचय भले कम हो किन्तु हिंदी के प्रति मेरा अनुराग कतई कम नहीं है. हिंदी पर गैर हिंदी भाषियों ने भी अनुकरणीय कार्य किया है. डॉ विवेक द्विवेदी ने कहा कि हिंदी के सामने सबसे बड़ी चुनौती इलेक्ट्रानिक मीडिया है, जिसका वर्तमान मे कोई विकल्प नहीं है. डॉ लालजी गौतम ने कहा कि डिजिटल क्रांति से हिंदी प्रतिदिन मजबूत हो रही है. डॉ अनुराग मिश्र बघेली पीठ के निदेशक ने कहा कि हिंदी भाषा अपार ज्ञान और संभावनाओं का भंडार है. हनुमंत किशोर ने कहा कि भाषा ज्ञान के प्रतीक गणेश की तरह है, जो माऊस की सवारी कर रही है. वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार शुक्ल ने कहा कि डिजिटल युग मे हिंदी को कोई खतरा नहीं है. सुधीर कमल ने कहा कि हम ऐसा कार्य करें, जिससे हिंदी का मान बढ़े. मेडिकल या अन्य उच्च शिक्षा के विषयों के लिए हिंदी माध्यम के छात्र नहीं मिल रहे, यह चिंतनीय है. योगेश त्रिपाठी, रंगकर्मी हरीश धवन, सत्यजीत पाण्डेय, जी एस मिश्र, के के शुक्ला, अपूर्व सिंह आदि ने सहभागिता करते हुए हिंदी भाषा के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि डिजिटल माध्यमों से हिंदी निखर रही है. उसकी स्वीकारता और उपयोगिता बढ़ी है.

**रचना पाठ से बढ़ाया हिंदी का मान**-डॉ राजकुमार शर्मा 'राज' ने हिंदी के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए 'हिंदू, हिंदी और हिन्दुस्तान, तीनों की आफत मे जान' जैसी रचना सुनाई तो डॉ रासरोज द्विवेदी 'शांतिदूत' ने सुनाया - 'चोर के जिम्मे सुरक्षा हो गई, इसीलिये खिड़की दरवाजे सो गए.